




### मौसमी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं बच्चे, चिकित्सकों ने दी सलाह

## तापमान में हो रहे परिवर्तन से लोगों की सेहत पर पड़ रहा असर

नर्मदांचल में सूर्यदेव के तीखे तेवर होने के साथ ही आमलोगों के जीवन पर विपरित असर नजर आ रहा है। अधिकांश छोटे बच्चे सहित आम नागरिक मौसमी बीमारियों से ग्रसित हैं। चिकित्सकों ने नागरिकों को गर्मी से बचाव की सलाह दी है।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

इन दिनों नर्मदापुरम जिले में मौसम के बदलाव के साथ साथ आम नागरिकों के अलावा बच्चों के शरीर पर तापमान का विपरित प्रभाव नजर आ रहा है। दरअसल आए दिन तापमान में कमी तो कभी वृद्धि लोगों के जीवन पर विपरित प्रभाव डाल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से नर्मदापुरम का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ईर्द गिर्द बना हुआ है। वहीं दिन के तापमान 40 डिसे के आसपास होने के कारण बच्चों को मौसमी बीमारियां भी प्रभावित कर रही है।

निजी चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरके गक्खर ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से तापमान में हो रहे परिवर्तन की वजह से बच्चों में वायरल फीवर के अलावा गले में इन्फैक्शन की शिकायत मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में अधिकाशं बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए बर्फ से बनी आईसक्रीम, बर्फ का गोला, कोल्ड्रिंक्स के अलावा बर्फ मिक्स पेय पदार्थ का सेवन कर रहे हैं जो उनकी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक है। उन्होंने बताया कि ऐसे मौसम में बच्चे बाहर से बनी हुई खाद्य सामग्री जैसे चाट मसाला, कुल्फी, कचौड़ी समोसा आदि गुमठियों पर पहुंचकर खाते हैं जिससे उन्हें उल्टी दस्त की शिकायतें बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक जलस्त्रोत जैसे खुला हुआ कुंआ, तालाब आदि जलस्त्रोतों का पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। उन्होंने समस्त नागरिकों से गर्मी के मौसम में अपनी सेहत को बनाए रखने के लिए शुद्ध खान पान का सेवन करने की सलाह दी है। इसी तरह राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवा भी लोगों को प्रभावित कर रही है। दोपहर में चलने वाली गर्म हवा से लोग लू की चपेट में आने से बीमार हो रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या जिला चिकित्सालय के अलावा शासकीय उपस्वास्थ्य केन्द्रों एवं निजी अस्पतालों में बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ एसके पुरोहित ने नागरिकों को सलाह दी है कि अति आवश्यक कार्य के लिए ही दोपहर में घर से चश्मा, गमछा, कैप, छाता आदि साधनों के साथ निकलें। वहीं अधिक से अधिक शुद्ध पेयजल का सेवन करें।

## जिला अस्पताल में चल रहे अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



स्वास्थ्य विभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में रेवा सभा कक्ष में नेशनल क्वालिटी इश्योरेंश (एनक्यूएएस) के संबंध में वैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ.दिनेश देहलवार सीएमएचओ, डॉ आरसी प्रजापति सिविल सर्जन, डॉ आलिया रूकसार, जिला क्वालिटी मैनेजर, अस्पताल प्रबंधक, डॉ मिलन सोनी, क्वालिटी नोडल आफीसर एवं डॉ आर माहेश्वरी उपस्थित थे। सीएमएचओ द्वारा अवगत कराया गया कि मैंने 3 एवं 4 मई को भारत सरकार से आये दल द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जिसमें एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए मुख्य विभागों का मूल्यांकन किया गया, मूल्यांकन के दौरान भारत सरकार के दल के साथ डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सीएमएचओ डॉ.दिनेश देहलवा, सिविल सर्जन डॉ आरसी प्रजापति, जिला क्वालिटी मैनेजर डॉ.आलिया रूकसार एवं आरएमओ डॉ संजय पुरोहित उपस्थित थे। जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण दल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रसव कक्ष,पेथौलॉजी, एक्सरे कक्ष, मेटरनिटी ओटी, एसएनसीयू, हीमोडायलिसिस यूनिट, किचिन एवं लॉड्री में बेहतर सुविधायें एवं उचित दस्तावेज रखरखाव होने के कारण भारत सरकार के दलद्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। साथ ही शीघ्र ही जिला अस्पताल का ईटीपी प्लांन,पुराने जिला अस्पताल के भवन में मरम्मत कार्य, चिकित्सालय में विंकलॉग व्यक्तियों के लिए शौचालय का निर्माण, कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश भारत सरकार से आये दल द्वारा दिये गये।

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल के भवन में मरम्मत एवं अन्य कार्यों हेतु कार्ययोजना से अवगत कराया गया। कलेक्टर महोदया द्वारा सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु सीएमएचओ एवं अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देश दिये गये। साथ ही बैठक के दौरान कलेक्टर महोदया द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में संचालित 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 01 सिविल अस्पताल, हेल्थ एंड बेलनेंस सेंटर को पूर्ण रूप सें निर्धारित गाईड लाईन अनुसार तैयार कर वर्षसमाप्ति के पूर्व एन.क्यू. एएस में सटिफिकेशन कार्य समय -सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि सभी संस्थाओं को राज्य स्तर से पुरुस्कृत किया जा सके।

## अच्छे परीक्षा परिणाम पर प्राचार्य को मिलेगी शाबासी, बिगड़ा तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को जिले के स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आईटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं डाइट के कार्यों एवं परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में कुछ स्कूलों के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम निराशाजनक एवं खराब था। वही कुछ स्कूलों का परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा एवं शत प्रतिशत रहा हे। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम खराब रहा है उन स्कूलों के प्राचार्य एवं बीईओ पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों के प्राचार्य एवं बीईओ को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

मंगलवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी को हिदायत दी कि आगे से सभी अपने स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर करने की दिशा में जुट जाए यदि इसमें कोई कमी पाई जाएगी तो संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सोहागपुर एवं माखन नगर विकास खंडों के स्कूलों का परीक्षा परिणाम अत्यंत खराब रहा है, वही आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित ज्ञानोदय विद्यालय, जुझारपुर एवं केसला ब्लाक के कई स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कलेक्टर ने शिक्षण संस्थानों के रेगुलर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ बिसेन ने बताया कि खराब परीक्षा परिणाम वाले बीईओ की इंक्रीमेंट रोकने की कार्रवाई प्रगति पर है। बैठक में पीएम श्री स्कूल इटारसी के द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। बताया गया कि स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी, ई ग्रंथालय स्थापित किया गया है। साथ ही बच्चों को खेल की विभिन्न गतिविधियां एवं लर्निंग के कोर्स कराए जाते हैं।

हर टीचर को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है और सभी शिक्षकों की मॉनिटरिंग की जाती है। बच्चों को विभिन्न स्थानों का भ्रमण भी कराया जाता है। क्रिएटिव गतिविधियां विशेष तौर पर कराई जाती हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूल की पत्रिका सार्थक का भी विमोचन किया। बताया गया की स्कूल में योग, सेल्फ डिफेंस ट्राइबल आर्ट का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राचार्य का यह दायित्व है कि लाइब्रेरी एवं लेब का बेहतर इस्तेमाल कराए। कलेक्टर ने स्कूल चले हम अभियान की भी समीक्षा की। बताया गया कि इस अभियान के तहत आठवीं पास बच्चों को नवमी कक्षा में प्रवेश दिलाया जाता है। कलेक्टर ने नामांकन एवं छात्रवृत्ति वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि ब्रिज कोर्स के तहत जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर होते हैं उन्हें आठवीं पास कराने के बाद कक्षा नौवीं में प्रवेश कराया जाता है और यहां पर उनका शिक्षा का बेस मजबूत किया जाता है। विशेष मेहनत कर कोर्स को रिवाइज कराकर उन्हें विभिन्न प्रकार के टेस्ट दिलाया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को विशेष तौर पर आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के कोर्स की जानकारी दी जाए ताकि यहां एडमिशन लेकर बच्चे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो। बताया गया कि जिले के 26 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की कक्षाएं चल रही है। जहां पर कंप्यूटर के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। बैठक में कलेक्टर ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। बताया गया कि 4342 बालिकाओं को साइकिल की राशि का वितरण किया गया है।

## मंडी से चोरी हुआ ट्रक शाहगंज के जंगल में लावारिस मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले के इटारसी में कृषि उपज मंडी खेड़ा क्षेत्र से रहस्मयरूप से चोरी हुआ गेहूं से भरा ट्रक शाहगंज के जंगल में लावारिस तरह से खड़े मिला। लेकिन ट्रक में न ड्राइवर मिला और न चुराने वाला व्यक्ति। इटारसी पुलिस ने सीहोर जिले के शाहगंज-भोपाल रोड पर खटपुरा के पास जंगल से ट्रक को बरामद किया। ट्रक 3 मई की रात्रि में रहस्यमय ढंग से चोरी हुआ था। पुलिस ने ट्रक चोरी होने की घटना को अपने लिए चुनौती माना और 3 दिन में ही ट्रक को तलाश लिया। ट्रक और उसका अनाज तो सही सलामत मिल गया है मगर ट्रक को चुराने वाले के बारे पुलिस कुछ पता नहीं लगा सकी है। पुलिस जांच करने का तर्क दे रही। सिटी थाना टीआई गौरव बुंदेला ने बताया ट्रक गोयल ट्रांसपोर्ट कंपनी का है। जिसमें 25 टन गेंहू भरा हुआ था। गेहूं सरकारी था। जिसकी कीमत 6 लाख रुपए है। ट्रक 16 लाख रुपए का है। ट्रक चोरी होने की सूचना मिलते ही तीन टीम बनाई गई। टीम ने सीहोर, भोपाल के साथ अन्य जिलों में ट्रक की खोजबीन की गई। गेहूं से भरा ट्रक आज टीम को खटपुरा के पास जंगल में घाट क्षेत्र में मिला। पुलिस चोरी करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। ट्रक की खोजबीन करने में महत्वपूर्ण भूमिका टीआई गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में एसआई राधेश्याम पंवार, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी, भागवेन्द्र, अशोक चौहान, भूपेंद्र मिश्रा, प्रदीप चौधरी, आरक्षक हरीश डिगरसे, अविनासी, राजेश पंवार, सायबर सेल अभिषेक नरवरिया, जितेंद्र सेजकर, तुलसी, शकीर खान एवं अमित राय की रही।

### कायाकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को प्रदान की गई वित्तीय सहायता

**नर्मदापुरम।** स्वास्थ्य विभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में कायाकल्प फाइनल मूल्यांकन में क्वालीफाई स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु प्रतिबद्ध है, स्वास्थ्य संस्थाओं का कायाकल्प मापदंड अनुसार विकसित किया गया है। इसके आधार पर राज्य स्तरीय दल द्वारा जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं का कायाकल्प अभियान के अंतर्गत निरीक्षण कर मापदंड अनुसार प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत किया गया। इसके आधार पर स्वास्थ विभाग जिला नर्मदापुम में वर्ष 2023-24 में फाइनल मूल्यांकन में क्वालिफाइड संस्था जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनीमालवा, सोहागपुर, सुखतवा पचमढ़ी तथा सिविल अस्पताल इटारसी एवं पिपरिया प्रति संस्था 01 लाख के मान से प्रदान की गई, इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया, बागरातवा शोभापूर, कामती, उमरधा, सॉडिया, मिसरौद, शिवपुर को प्रति संस्था 50 हजार रूपये की राशि संस्था के सुदृढीकरण कार्य हेतु पुरूरकार स्वरूप प्रदान की गई। उपरोक्त कार्य में कलेक्टर जिला नर्मदापुरम सोनिया मीना का विशेष मार्गदर्शन एवं समय - समय पर बेहतर सहयोग प्राप्त होता रहा। साथ ही कायाकल्प के अंतर्गत राज्य स्तर से प्रथम पुरस्कार की राशि दो लाख प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरीहरंचद्र विकासखंड सोहागपुर जिला नर्मदापुरम को प्रदान की गई। इन संस्थाओं में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी एवं/कर्मचारियों द्वारा बेहतर कार्य किया गया है, ये सभी कर्मचारी बधाई के पात्र है।

## 10 मई से 10 जून तक समर कैंप खेल प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आगामी 10 मई से 10 जून तक जिले के सभी विकासखंड में खेल गतिविधियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप में खेल सामग्री एवं अन्य उपकरण खेल विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। तत संबंध में मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में समर कैंप के आयोजन के संबंध में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक एवं कोच , फेडरेशन के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकास खंड में आयोजित होने वाले समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ें, यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शाला से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक के बच्चे समर कैंप में विभिन्न खेलों में भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कैंप में ही किया जाएगा। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 42 स्थान पर विभिन्न समर कैंप आयोजित किए जाएंगे जहां में फुटबॉल हॉकी टेनिस स्विमिंग, शतरंज, जूडो, वॉलीबॉल कबड्डी, सहित खेल की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

समर कैंप के आयोजन संबंधी बैठक में कलेक्टर ने सभी खेल प्रशिक्षकों एवं कोच को निर्देश दिए कि वह बच्चों को खेल की विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। बताया गया कि फुटबॉल हॉकी एवं तीरंदाजी में नर्मदा पुरम के खिलाड़ियों ने जूनियर नेशनल लेवल प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर ने नेशनल लेवल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके खेल की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि जहां-जहां समर कैंप आयोजित किए जाएंगे वहां इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए।

### कुंए में गिरने से घायल हुई थी बाघिन, उपचार के बाद एसटीआर का फैसला

## घातक बाघिन को अभी रहना होगा सेंटर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा रिवाइल्डिंग सेंटर में रह रही बाघिन को जंगल में छोड़ने के प्लान को आगे बढ़ा दिया है। बाघिन को बाड़े में कुछ दिन ओर रहना पड़ेगा। तकनीकी प्राब्लम के चलते बाघिन को जंगल में घूमने व इलाका बनाने के लिए कुछ दिन ओर इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल साल 2022 में छिंदवाड़ा में पेंच टाइगर रिजर्व से लगे हरदुआ गांव में 5-6 महीने की मादा शावक कुएं में गिरने से अपने परिवार से बिछड़ गई थी। गिरने से उसके पैर में भी चोट आई थी। वन विभाग की टीम ने इसका रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल में उपचार कराया था। शावक के रुप में उसे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के रिवाइल्डिंग सेंटर में लाया गया था। दो साल से पशु चिकित्सक, मैदानी अमला, प्रबंधन की टीम इसकी देखभाल कर रही हैं। अब बाघिन स्वस्थ व व्यस्क हो चुकी है। आक्रमक स्वभाव और शिकार कर जीवन यापन में माहिर बाघिन को एसटीआर प्रबंधन खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी कर रहा है। बाघिन जब तक जंगल में अपना इलाका नहीं बना लेगी, तब तक कॉलर आईडी से व गश्ती दल उसकी निगरानी करेंगे। बाघिन को पहले सप्ताह में छोड़ने की पूरी तैयारी थी। लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते बाघिन को जंगल में छोड़ने के प्लान को आगे बढ़ा दिया है। डिप्टी डॉयरेक्टर पूजा नागले ने बताया कुछ टेक्निकल इश्यू है। इसलिए कुछ दिन के लिए इसे आगे बढ़ा दिया है। संभवत दो सप्ताह ओर लग सकते है।

### ड्रोन से की मॉनिटरिंग

बाघिन की ड्रोन से मॉनीटरिंग कर उसे मानव संपर्क से दूर रखा गया। एसटीआर के मुताबिक बाघिन ने अपने दम पर जीवित रहना सीख लिया है। जंगल में अपना इलाका बनाना और शिकार करने में माहिर हो गई है।

### इलाका बनाने के लिए जंग की संभावना

बाघिन को खुले जंगल में रहने के लिए अपना इलाका बनाना होगा। इसके लिए वह जिस भी क्षेत्र में जाएगी वहां के टाइगर से उसकी भिड़त होगी। इसलिए जंगल गश्ती दलों को बाघिन की मॉनिटरिंग के लिए लगाया जा रहा है। दो वर्ष तक मानव संपर्क से अलग और एकांत में रहने के कारण इसका स्वभाव आक्रमक है। इस उस पर निगरानी रखी जाएगी।

## सराफा व्यवसायियों से ठगी करने वाले दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम एवं इटारसी में सराफा व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाकर ठगने वाले ठगों ने प्रदेश के कई जिलों में वारदातें की है। खुलासे के बाद दूसरे जिलों की पुलिस भी नर्मदापुरम पुलिस से संपर्क कर रही है। दोनों आरोपी प्रतीक आचार्य (23) और मनीष कौशिक (22) दोनों निवासी भिलाई छत्तीसगढ़ को इटारसी पुलिस ने पुलिस रिमांड पर लिया है। इटारसी में सराफा व्यापारी की शॉप पर की ठगी के संबंध में पूछताछ व जेबर की जप्ती की जाएगी। वहीं आरोपियों से जो स्कूटर पुलिस ने जप्त की है। वो चुराई होने की आशंका है। आरोपियों ने भिलाई छत्तीसगढ़ से ये स्कूटर चुराई है। आरोपियों की कुंडली छानने नर्मदापुरम कोतवाली थाने की पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची हुई है। दो सदस्यीय टीम आरोपी व स्कूटर की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों के परिजन भी आज मंगलवार को नर्मदापुरम पहुंचे है। कोतवाली थाना टीआई सौरभ पांडे ने बताया ठगी करने वाले आरोपियों को इटारसी पुलिस पीआर पर ले गई है। सतना, रीवा, कटनी, बैतूल पुलिस भी वारदातों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ करेगी। जो स्कूटर जप्त हुई, वो हमें चुराई हुई होने की आशंका है। जिसकी पुष्टि के लिए टीम भिलाई गई है।

### बाल विवाह रोकने के लिए जिला स्तर पर बना कंट्रोल रूम

**नर्मदापुरम।** प्रदेश भर के साथ साथ जिले में अक्षय तृतीया 10 मई के अवसर पर होने वाले सामूहिक एवं निजी विवाह कार्यक्रमों में बाल विवाह रोकने के लिए संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिले में कहीं पर भी बाल विवाह होनें पर इस नंबर पर सूचना दी जा सकती है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 07574-253009 है इसी के साथ उक्त सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर भी दी जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने बताया है कि नगरीय एवं विकासखंड स्तर पर भी अधिकारियों को भी सूचित किया जा सकता है।



## बैतूल में 72 प्रतिशत हुआ मतदान, सबसे ज्यादा भैंसदेही में 76.34 प्रतिशत हुआ मतदान

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा, भीषण गर्मी में भी नहीं रहे पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संसदीय क्षेत्र के लिए मंगलवार को तीसरे चरण में वोटों की आहुतियां डाली जा रही है। तापमान 41 डिग्री के पार होने के बावजूद मतदाताओं का वोट डालने के प्रति रूझान कम नहीं हुआ। इतना जरूर है कि ग्रामीण अंचलों के मतदान केंद्रों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा था, लेकिन सुबह यहां दो घंटे वोट डालने के लिए सैलाब उमड़ पड़ा। अपने वोटों का महत्व समझते हुए न सिर्फ शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में बैतूल जिले में कुल शाम 5 बजे तक 72 प्रतिशत मतदान हो चुका था। लिहाजा इस बार संसदीय क्षेत्र में वोट प्रतिशत गिरने की संभावना दिखाई दे रही है।



मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। जिले के 1581 मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में लोकतंत्र की आहुति देने के लिए जिले के लोगों ने इस बार काफी जागरूकता दिखाई है। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होते ही लोग सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का नारा बुलंद करते हुए मतदान केंद्र पहुंच गए। चूंकि सुबह तापमान कम होने के कारण मतदान केंद्रों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई। संसदीय क्षेत्र के आमला, बैतूल, भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी, हरदा, हरसूद, टिमरनी, मुलताई में सुबह के दो घंटे बंपर मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के आंकड़े बताते हैं कि संसदीय क्षेत्र में सुबह के दो घंटे में करीब 16 प्रतिशत और अगले दो घंटे में 11 बजे तक 32.65 प्रतिशत मतदान हो गया। इसके बाद दोपहर 11 से 1 बजे तक केवल 14 प्रतिशत मतदान में बढ़ोत्तरी हुई। इस दौरान धूप अधिक होने से कुछ मतदान केंद्र सूने थे, लेकिन भीड़ कम होने के कारण शेष मतदाता धूप में भी मतदान करने में रूचि दिखाते रहे. जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे मुलताई विधानसभा क्षेत्र में 70.40, आमला 68.23, बैतूल 69, घोड़ाडोंगरी 75.61, भैंसदेही सबसे ज्यादा 76.34 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

### विधायक हेमंत खंडेलवाल ने लाइन में खड़े होकर परिजनों संग किया मतदान

बैतूल विधायक व प्रदेश लोकसभा चुनाव संयोजक हेमंत खण्डेलवाल ने प्रातः 8 बजे न्यू बैतूल स्कूल कोठीबाजार स्थित मतदान केन्द्र पहुँचकर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी लाइन में खड़े होकर परिजनो के साथ मतदान किया। श्री खण्डेलवाल के साथ उनकी माताजी कांतिदेवी खण्डेलवाल, भाई मुकेश खण्डेलवाल, पत्नि ऋतु खण्डेलवाल, भाभी किरण खण्डेलवाल, पुत्र वरद खण्डेलवाल, भतीजे पल्लव खण्डेलवाल ने मतदान किया। आमला पहुंचकर विधायक दा. योगेश पंडाग्रे ने भी पत्नी मंजु पंडाग्रे के साथ मतदान किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग उत्साहित होकर वोट का उपयोग किया है।

### सांसद व भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उईक ने परिजनों संग किया मतदान



बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सांसद दुर्गादास उइके ने आज सबसे पहले केरपानी जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की तथा घर में हवन-पूजन किया। उसके बाद मतदान केंद्र पर जाकर परिवार के साथ मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में जनता की तन मन से सेवा में रहे है, अब जनता जनार्दन के ऊपर निर्भर करता है कि 2024 के चुनाव में किस तरह का वे अपना आशीर्वाद देते है, आने वाले समय में हमारी लोकसभा, शिक्षा का हब बनेगी, यहा मेडिकल कालेज तो हो चुका है।

## बैतूल में 100 वर्ष की वृद्धा गाजे- बाजे के साथ पहुंची मतदान करने



### उम्र में त्रुटि के कारण घर पर नहीं हो सका था मतदान

बैतूल। निर्वाचन आयोग की त्रुटि के कारण 100 वर्ष की वृद्धा की उम्र 80 वर्ष की बताई गई थी। जिसके कारण वृद्धा घर पर मतदान नहीं कर सकी। घर पर मतदान नहीं होने पर परिजनों ने वृद्धा को मतदान के लिए गाजे-बाजे के साथ मतदान केन्द्र पर ले जाया गया और मतदान कराया। गाजे-बाजे के साथ मतदान केन्द्र पर वृद्धा को ले जाते देख हर कोई हैरान था।

जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बृजलाल भाटिया की पत्नी शकुंतला भाटिया घर पर मतदान करने से वंचित रह गई। मंगलवार को सुबह जब लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान शुरू हुआ, तो श्रीमती भाटिया को परिजन गाजे-बाजे के साथ टैगोर वार्ड स्थित मतदान केंद्र पर मतदान के लिए लेकर गए। बताया जा रहा है कि भगत सिंह वार्ड से गाजे-बाजे के साथ वृद्धा को वोटिंग बूथ तक लेकर गए और मतदान करवाया। बताया जा रहा है कि शकुंतला भाटिया की उम्र मतदाता परिचय पत्र में 83 वर्ष है। जन्मतिथि अपडेट नहीं होने के कारण बुजुर्ग घर से मतदान नहीं कर पाई। परिजनों ने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया था लेकिन चुनाव आयोग ने घर से मतदान के नियमों में नहीं आने की बात कहकर मतदान नहीं करवाया। शकुनतला भाटिया के पुत्र रमेश भाटिया ने बताया कि मां की उम्र के संबंध में जानकारी अधिकारियों को दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। मां ने कहा कि वह मतदान करने के लिए जरूर जाएंगी। इसलिए परिजनों ने मां को व्हीलचेयर पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ मतदान करवाने के लिए मतदान केन्द्र लेकर गए थे। वृद्धा के पुत्र श्री भाटिया ने बताया कि उनकी मां की उम्र 100 वर्ष, 4 महीने की हो गई है।

### कांग्रेस सांसद प्रत्याशी रामू टेकाम ने परिजनों संग किया मतदान



बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस सांसद प्रत्याशी रामू टेकाम प्रातः सर्वप्रथम अपने माता-पिता, अपनी धर्मपत्नी व परिवार के साथ मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने गृह ग्राम सावलमेंढा के मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। इस बीच रामू टेकाम ने बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा संसदीय क्षेत्र की आम जन से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

### जिले में मतदान का ट्रेंड..अच्छे मतदान की ओर बढ़ रहा बैतूलः कलेक्टर



बैतूल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा जिले के लोगो में मतदान का ट्रेंड है।जिला अच्छे मतदान की तरफ बढ़ रहा है।मतदाताओं में मतदान के लिए उत्साह है।

### 40 साल से बरकरार है सुनील के नाम सबसे पहले मतदान का रिकॉर्ड, लोगों को मतदान के लिए भी करते हैं प्रेरित



बैतूल। सुनील सोनी, जो वोट डालने के मिले मताधिकार के बाद से अभी तक के हर चुनाव में अपने मतदान केंद्र पर सुबह सबसे पहले पहुंचकर वोट डालने में सफल होते आ रहे है। आज हुए मतदान में उन्होंने सबसे पहले वोट डालकर 40 साल से बनी परंपरा को बरकरार रखने में सफल हुए है। पेशे से व्यापारी सुनील के पास नगरपालिका के पास बैग बेचने की छोटी सी दुकान है। 58 वर्ष के पड़ाव पर पहुंच चुके सुनील एक एक वोट का महत्व समझते है,इसलिए वे हर काम बाद में सबसे पहले वोट डालने में ज्यादा भरोसा करते है। इसी के चलते आज मंगलवार को न्यू बैतूल स्कूल परिसर में लोक सभा चुनाव को लेकर बनाए मतदान केंद्र पर निर्धारित समय सुबह सात बजे से कुछ समय पहले पहुंच कर मतदान करने के लिए लगने वाली कतार में पहले नंबर पर खड़े होकर मतदान शुरू होने का इंतजार करते रहे। सात बजते ही सबसे पहले मतदान कर एक समझदार नागरिक होने का परिचय दिया।

### पोलिंग बूथ पर तैनात दो कर्मचारियों की हालत बिगड़ी




बैतूल। लोकसभा के लिए हो रहे मतदान में मुलताई विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मणवाडा एवं दातोरा, पोलिंग बूथ पर तैनात पी 2,पी3 दो कर्मचारियों की हालत अचानक बिगड़ गई दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में उपचार के लिए लाया गया है। ब्राह्मणवाडा पोलिंग बूथ पर तैनात हेमराज मकोड़े का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया उन्हें मुलताई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। इसके अलावा दातोरा पोलिंग बूथ पर तैनात दामजीपुरा स्कूल में भ्रत्य के पद पर पदस्थ गिरधारीलाल यादव दातोरा पोलिंग बूथ पर पी 3 कर्मचारियों के रूप में ड्यूटी कर रहे थे।

### वोटिंग मशीन में कई जगह तकनीकी खराबी आने से मतदान रुका

*बैतूल। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला है। कई मतदान केंद्रों पर मतदान करने के लिए लंबी लाइन लग गई है। कुछ मतदान केंद्रों पर वोटिंग मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान रुकने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक बैतूल मुख्यालय के कृष्णपुरा वार्ड टिकरी के मतदान क्रमांक 77 पर दो-तीन लोगों के मतदान करने के बाद मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। लगभग आधे घंटे तक मतदान रुका रहा। हालांकि इसके बाद मतदान शुरू हो गया। शहर के ही विनोबा वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 126 मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान रुक गया। इसकी जानकारी एसडीएम को दी गई समाचार लिखे जाने तक या मतदान शुरू नहीं हो सका था। जिले के और भी मतदान केंद्रों पर मशीन में तकनीकी खराबी के कारण मतदान रुकने की जानकारी सामने आई है।*

## मुलताई विधानसभा में हुआ 70. 40% मतदान, बूथ पर दो कर्मचारियों की हालत बिगड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा चुनाव में मुलताई विधानसभा 129 के 296 मतदान केंद्रो पर शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हुए। कड़ाके की धूप के बावजूद सुबह से ही मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की भारी भीड़ लगी रही मुलताई विधानसभा में शाम 6 बजे तक 70. 40% मतदान हुआ है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम तृप्ति पटैरया एवं सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा नगर के पोलिंग बूथो का सतत निरीक्षण करते रहे और उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्रो पर पहुंचकर मतदाताओं का स्वागत जूस पिलाकर किया। मुलताई विधानसभा के किसी भी पोलिंग बूथ से किसी भी अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं। ब्राह्मणवाडा एवं दातोरा, पोलिंग बूथ पर तैनात पी 2,पी3 दो कर्मचारियों की हालत अचानक बिगड़ गई दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में उपचार के लिए लाया गया ।मुलताई विधानसभा के 296 पोलिंग बूथ पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ है। इस बार नगर सहित सभी पोलिंग बुथो पर मतदाताओं के लिए प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था कर रखी थी जिसमें शुद्ध पेयजल, फर्स्ट एड किट, आदि शामिल है। इस बार क्षेत्र के किसी भी पोलिंग संेटर से मतदान रुकने, मशीन खराब होने या अन्य विवाद की खबरें नहीं है। जिन ग्रामो में लोगों ने समस्याओं को लेकर मतदान के बहिष्कार की बात कही थी वहां भी सुबह से ही निर्विवाद रूप से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी। ग्राम चिकली खुर्द, महतपुर एवं गोपलतलाई में सुबह से ही मतदान प्रारंभ हो गया था।



### पोलिंग बूथ पर तैनात पी 2पी3 कर्मचारी की हालत बिगड़ी



*ब्राह्मणवाडा पोलिंग बूथ पर तैनात हेमराज मकोड़े का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया उन्हें मुलताई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है इसके अलावा दातोरा पोलिंग बूथ पर तैनात दामजीपुरा स्कूल में भ्रत्य के पद पर पदस्थ गिरधारीलाल यादव दातोरा पोलिंग बूथ पर ढ3 कर्मचारियों के रूप में ड्यूटी कर रहे थे। अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। तत्काल ही 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया और एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।ब्राम्हण वाडा में मतदान दल में तैनात कर्मचारी हेमराज मकोड़े उम्र 45 साल ढ2 को 108 से मुलताई ला रहे है। उनका स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया उन्हें चक्कर आ गए बताया जरा की भीषण गर्मी के कारण उन्हें समस्या हुई है।*

## आनापान ध्यान पर आधारित त्रि-दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न

### शिविर में इंदौर की महिलाओं ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ताप्ती पिरामिड केन्द्र ताप्ती घाट, खेड़ी में तीन दिवसीय निशुल्क आनापान ध्यान शिविर का आयोजन 4 मई से 6 मई के बीच संपन्न हुआ। जिसमें इंदौर एव्म बैतूल जिले से लगभग 75 ध्यानियों ने भाग लिया। गौतम बुद्ध द्वारा दी गयी आनापान ध्यान विधि, जिसमें ध्यानी 40-45 मिनट या इससे अधिक 60 मिनट तक आंखें बंद कर बैठकर अपनी आती जाती स्वांस को देखते हुए आनापान ध्यान करता है, अनापान आत्मनिरीक्षण द्वारा आत्मशुद्धि की अत्यंत पुरातन साधना-विधि है। जो जैसा है, उसे ठीक, वैसा ही देखना-समझना आनापान ध्यान है। लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवान गौतम बुद्ध ने विलुप्त हुई इस पद्धति का पुन अनुसंधान कर इसे सार्वजनिक रोग के सार्वजनिक इलाज, जीवन जीने की कला के रूप में सर्वसुलभ बनाया।

#### जीवन जीने की कला

इस सार्वजनिक-साधना-विधि का उद्देश्य विकारों का संपूर्ण निर्मूलन और परिणाम परमविमुक्ति का उच्च आनंद प्राप्त करना है। शिविर में आनापान ध्यान, सक्रिय ध्यान, कीर्तन ध्यान के विशेष सत्र हुए। आयोजन के सूत्रधार तिलक अरोरा व संजीव डफरे द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष भूमिका निभाई। ध्यान साधिका सुश्री संतोष पंडिया, श्रीमती दीपिका भावसार ने आमंत्रित ध्यान साधकों को जीवन में अपने कार्यो को आनंदित रहते हुये कैसे करे, ध्यान से जीवन में होने वाले शारीरिक, मानसिक, अध्यात्मिक परिवर्तन के बारे में न सिर्फ अवगत कराया, बल्कि इससे जुड़े अपने अनुभव साधकों के साथ साझा किये। पिरामिड स्पिरिच्युअल सोसायटी मूवमेंट महिला इकाई इंदौर की 46 महिलाओं ने इसमे सहभागिता की। इस सोसायटी की महिला इकाई इंदौर से जुड़ी प्रमुख सहयोगी मेघा शर्मा, अनु पारे ने आयोजन को सफल बनाने मे अहम भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में हेमु साहू, गणेश आहाके जगदीश नागले, भवानी सिंग का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## 52 किलो गांजा किया बरामद

बैतूल । बैतूल बाजार के पास मिलानपुर टोल प्लाजा पर एनसीबी और बैतूलबाजार पुलिस ने एक कंटेनर से 52 किलो गांजा बरामद किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कंटेनर क्रमांक - एमपी 09 एचजे 9124 में गांजा की तस्करी की जा रही थी, जिसकी सूचना पर नार्कोटिस्क कंट्रोल ब्यूरो इंदौर एवं बैतूलबाजार पुलिस ने मिलानपुर टोल नाके पर कंटेनर को रोककर तलाशी की, तो इसमें 50 पैकेट गांजा से भरे मिले। इनका वजन 52 किलो था। कंटनेर चालक को हिरासत में लेकर खबर लिखे जाने तक पूछताछ की जा रही है। यह गांजा उड़िसा से सीहोर जिले ले जाया जा रहा था।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने बनाए दल

सीहोर। अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह आयोजनों या और कहीं भी होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कंट्रोल रूम स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर 07562221666 जारी किया है।

### 9 दिवसीय संगीतमय राम कथा का गरिमापूर्ण समापन

## रामायण के अनुसरण से विश्व में आज भी रामराज्य साकार हो सकता हैः पं निर्मल शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

टैगोर वार्ड में राजा ठाकुर के निवास पर चल रहे राम कथा महोत्सव का आज विधिवत समापन हो गया।9 दिनों तक मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल जी ने राम चरित मानस के 84 प्रसंगों पर प्रकाश डाला।आज विश्राम दिवस में महाराज श्री ने सुंदरकाण्ड में वर्णित हनुमान चरित्र लंका दहन रावण कुंभकर्ण मेघनाद वध आदि कथाओं का निरूपण किया।



राम राज्य की चर्चा करते हुए आप ने कहा कि भगवान श्री राम का राज्य संपूर्ण विश्व का आदर्श राज्य है।आज जब आदर्श राजा की चर्चा उठती है तो भगवान राम का नाम ही सर्वोपरि रहता है। राम राज्य बहुमत से नहीं बल्कि सर्व मत से चलता है । भगवान राम ने एक धोबी के कहने मात्र से अपनी प्राणप्रिया सीता का परित्याग कर दिया और जीवन भर वियोग की अग्नि में झुलसते रहे।उस समय यदि राम चाहते तो धोबी के ऊपर राजद्रोह का अभियोग लगाकर उसे प्राणदंड भी दे सकते थे। अपनी प्रजा के रंजन के लिए भगवान श्री राम ने स्वयं जहर पीना स्वीकार किया अगर राजदंड द्वारा उस समय उसे दंड दिया गया होता तो उसका दुष्परिणाम यह होता कि समाज में चोरी छिपे राम विरोधी वातावरण का निर्माण होता और धोबी सहानुभूति का पात्र बन जाता। महराज श्री ने कहा कि राम राज्य में कोई दीन दुखी नहीं था कोई अशिक्षित नहीं था सब परस्पर प्रेम करते थे बादल लोगों के मांगने पर जल बरसाते थे।राम राज्य में स्त्रियां पूर्णत पतिव्रता धर्म का पालन करती थीं। राम के पूर्व इस वंश के राजा अनेकों विवाह करते थे यहां तक कि राजा दशरथ ने भी 3 विवाह किया था किन्तु भगवान राम ने ऐसा नियम बनाए कि हर पुरुष भी स्त्री व्रत का पालन करता था। दोनों पति-पत्नी एक दूसरे के प्रति समर्पित रहते थे। राम राज्य में शत प्रतिशत साक्षरता थी।दंड नामक वस्तु केवल संन्यासियों के पास दंड या त्रिदंड के रूप में मिलती थी इसलिए न किसी का किसी से वैर विरोध था कोर्ट कचहरी समाप्त हो गये थे। राजा ठाकुर और अरुण सिंह किलेदार ने महराज श्री का स्वागत किया सभी श्रोताओं ने ग्रंथ पूजन किया। सामस्त किलेदार व परिहार परिवार ने विशाल संख्या में पधारे हुए श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

### एक दशक पूर्व नगर पालिका ने हटाई थी गुमठी

# गुमठी प्रकरण में सेशन ट्रायल कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी, मप्र शासन द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम बनाम उर्मिला आर्य पत्नी महेश आर्य 55 वर्ष के गुमटी क्रमांक 9 के प्रकरण में की गई अपील को द्वितीय जिला न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मृत्युंजय टॉकीज के सामने से करीब एक दशक पूर्व हटाई गुमठी क्रमांक 9 के मामले में सेशन कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए अपील को खारिज कर दिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी, मप्र शासन द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम बनाम उर्मिला आर्य पत्नी महेश आर्य 55 वर्ष के गुमठी क्रमांक 9 के प्रकरण में की गई अपील को द्वितीय जिला न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है। मामले में शासन और नगर पालिका की ओर से एजीपी भूरेसिंह भदौरिया ने पैरवी की थी।

अब अपील खारिज होने के बाद गुमठी क्रमांक 9 को मृत्युंजय टाकीज के सामने नहीं रखा जा सकेगा, जहां से नगर पालिका ने अतिक्रमण बताकर उसे हटाया था। एजीपी भूरेसिंह भदौरिया ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने मामले में नगर पालिका के पक्ष में निर्णय दिया था। इसके खिलाफ उर्मिला आर्य ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। अपीलार्थी का कहना था कि 1996 को 3 वर्ष के लिए 85 रुपए मासिक किराये पर गुमटी आवंटित की गई थी। गुमठी पर किरायेदार की हैसियत से काबिज होकर नियमित किराया अदा कर रही थीं। इसके बाद किरायेदारी की अवधि बढ़ाकर किराया बढ़ाया जाता रहा है। 7 दिसंबर 2014 में नगर पालिका के आरआई व कर्मचारियों ने गुमटी पर आकर मौखिक रूप से खाली करने को कहा, विरोध करने पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया और आवंटन निरस्त करने की जानकारी दी।

नगर पालिका की ओर से कहा गया था कि जहां गुमठी क्रमांक 9 आवंटित की गई थी, वह स्थान मालवीयगंज रोड पर है, जहां 9 अन्य गुमटी रखी हैं, जिसका अनुबंध उर्मिला आर्य ने किया था, जो मार्च 2015 में समाप्त हो चुका है। संपूर्ण मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना, शासन और नगर पालिका की तरफ से अधिवक्ता भूरेसिंह भदौरिया द्वारा रखे तर्कों को सही पाया तथा अपील खारिज कर दी है।

# युवाओं का धर्म की तरफ झुकाव अनुकरणीय कदम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी के नव युवकों द्वारा एक अनुकरणीय पहल की गई है। उनके द्वारा लगातार दूसरे सप्ताह महादेव नगरी पचमढ़ी के विश्व प्रसिद्ध मंदिर चौरागढ़ बाबा में शाम के समय 1365 सीढ़ी चढ़कर शयन आरती,सुंदरकांड,भजन एवं सत्संग किया।चौरागढ़ के महंत महाराज श्री श्री श्री 1008 श्री गरीब दास जी अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने ने कहा कि इस पृथ्वी पर जो भी है मनुष्य पशु पक्षी पेड़ पौधे पहाड़ पर्वत नदियां हैं वह सब सनातन है। सनातन आदि अनादि अनंत है।जातियों पंथों में आपस में बैर रखना किसी का बुरा चाहना धर्म नहीं है। हमारे हृदय में सबके लिए करुणा और दया हो हम दूसरे का दर्द समझ सके और उसे दूर करें यही धर्म है। पचमढ़ी नगर में गायत्री परिवार,विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिस तरीके से कार्य कर रहे हैं इससे लोगों का धर्म के प्रति झुकाव बढ़ा है। युवकों द्वारा किए जा रहा यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नगर के अन्य लोगों को भी इस कार्यक्रम में जुड़कर इन लोगों का सहयोग करना और मनोबल बढ़ाना चाहिए। उपरोक्त दिशा की ओर हमारे नवयुवक बढ़ रहे हैं इससे समाज,नगर एवं देश में शांति और सौहार्द को बढ़ावा मिलेगा।

# सरकारी भूमि से ईंट भट्टा हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ऊटिया किसोर के ग्राम खपड़िया में सरकारी भूमि पर लोगों के द्वारा कब्जा करके ईट बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामवासी परेशान है इस बात को लेकर ग्राम वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी को ज्ञापन सोपा ज्ञापन सौंपने वालों में धनराज यादव अधिवक्ता एवं ग्राम के लगभग एक दर्जन लोगों ने उपस्थित होकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

जिनमें मुख्य रूप से दिलीप कुमार रमेश कुमार साहब तमाम ग्रामवासी शामिल रहे। ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम के ही निवासी हास अहिरवार पिता कमल अहिरवार भगत दिनों से अपने ही गांव के नीलेश यादव की नेशनल सत्य के अपराध में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं आरोपी का कृत्य अत्यधिक अमानवी होकर हत्या के वायरस तब मामला होने से मृत्यु दंड से दंडनीय है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि इनके अन्य सहयोगी खापरखेड़ा रोड पर निवास करते हैं यह लोग सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके अवैध उत्खनन कर रहे हैं और ईट व्यवसाय का कार्य कर रहे हैं इसके लिए आरोपी हर्ष द्वारा किए गए अपराधिकृत के कारण गांव के लोग आरोपी से काफी परेशान है लेकिन परिवार के द्वारा संचालित इस कार्यक्रम से परेशान होकर इस पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं ग्रामवासी इसलिए उन्होंने यह ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन के दौरान कुछ गांव के ग्राम कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल रहे जिसमें उन्होंने कहा है कि आरोप ईंट भट्टे को बंद कराया जावे तथा सरकारी जमीन को मुक्त कराया जावे। अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है जैसे तत्काल पटवारी से रिपोर्ट मांगी है यदि यह शासकीय भूमि में संचालित है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# कैरम-शतरंज स्पर्धा से हुआ समारोह का आगाज

### भगवान परशुराम प्रागट्योत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भगवान राम के अवतार विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी के प्रागट्योत्सव का शुभारंभ मंगलवार को परशुराम भवन में हो गया। पहले दिन जिला सर्व ब्राह्मण समाज शतरंज- कैरम एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया ,जिसमें पथरोटा के जयकिशोर दुबे ने प्रथम, सात्विक शर्मा ने द्वितीय, अनुज तिवारी , सम्यक मिश्रा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से अक्षय बाजपेयी प्रथम एवं कृष्णा दुबे उपविजेता रहे। कैरम सीनियर वर्ग में प्रशांत चौबे प्रथम एवं मनोहर तिवारी उप विजेता रहे। इस अवसर सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र ओझा नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, सुनील बाजपेयी, अशोक दुबे, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, अविनाश तिवारी, आलोक दीक्षित, अभिषेक तिवारी, राहुल तिवारी, मनोज शर्मा, शैलेन्द्र दुबे, अभिषेक ओझा, शरद दीक्षित, रिषी ओझा, शतरंज संयोजक अजय शुक्ला, राघवेंद्र पांडेय, कैरम प्रतियोगिता के संयोजक- राकेश दुबे, जितेंद्र उपरीत मौजूद रहे।

#### संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

शाम को भवन में संगीत प्रतियोगिता महिलाओं एवं युवती दल के लिए रखी गई, जिसमें समाज की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। 11 मई को मुख्य समारोह होगा।

# सुरक्षित पर्यटन के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिंद्रा स्किल द्वारा तीसरे वर्ष की छात्राओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य एवं पर्यटन स्थल पर सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत छात्राओं को दो बैच बनाए गए हैं फूड एंड बेवरेजेशन और हाउसिंग कीपिंग एंड हॉस्पिटैलिटी विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है प्रत्येक बीच में 25 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर इंडिया ग्रामीण से रीना साहू पिनाकी नायक उपस्थित रहे रीना साहू ने छात्रों को पर्यटन स्थल पर अपना व्यवसाय प्रारंभ करने तथा अन्य सुरक्षित स्थानों पर प्रशिक्षण उपरांत नौकरी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सतीश दुबे हमदर्द आलम अर्पण विश्वकर्मा उपस्थिति रही जिन्होंने मध्य प्रदेश पैटर्न बोर्ड के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम में शाखा रूप दिया है प्रशिक्षकों के सफल आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राकेश वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को जल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी मध्य प्रदेश पैटर्न बोर्ड शेष ने इस काम की सराहना की उद्यमिता स्वरोजगार डॉक्टर अनीता सेन एवं किटी मौर्य के द्वारा आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के सभी प्रोफेसर छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रशिक्षण एक माह के लिए आयोजन किया गया है इसमें प्रतिदिन अलग-अलग तरह से प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

# रोजगार सहायक एवं सचिव मुख्यालय पर अनुपस्थित जन्म प्रमाण पत्र के लिए स्कूली बच्चे हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झालौन सहित तमाम ग्रामों में रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव दोनों ही अपने मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे हैं जिसके कारण वर्तमान में कॉलेज एवं स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है इसलिए वह पंचायत में ना जाकर जनपद पंचायत क्षेत्र के आसपास इन दोनों कर्मचारियों को ढूंढते हुए मिल जाते हैं। जन्म प्रमाण पत्र यह रोजगार सहायक की मुख्य जिम्मेदारी है कि उनका ही जारी करना है तथा उनका ही तैयार करना है लेकिन ग्राम वासियों में ग्राम जालौन के निवासियों ने बताया कि रोजगार सहायक गांव के पटेल का लड़का होने के कारण वह ग्राम पंचायत में आते ही नहीं है। खेत देखने के लिए आते हैं उसके अलावा पंचायत में बैठने भी नहीं है। ग्राम पंचायत की निवासी प्रीति पिता सुरेश जो कि जनपद पंचायत के आसपास घूमती हुई दिखी उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सहायक ग्राम में निवास नहीं करते हैं वह पिपरिया निवास करते हैं जो पिपरिया से लगभग 15 किलोमीटर गांव से आई हैं। पंचायत सचिव पंचायत में आते हैं लेकिन उसे समय उनसे मुलाकात नहीं हो पाती इसलिए वह जनपद पंचायत आई हैं और यहां पर सचिवमें बुलाया है वह काम कर रहे हैं इसलिएयहां आई हैं,। कॉलेज में प्रवेश लेना है इसलिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है ग्राम पंचायत सचिव महेंद्र राजपूत से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत में भी कम होने के कारण लगातार कार्यालय में बैठ नहीं पाते हैं लेकिन प्रतिदिन आते हैं ग्राम रोजगार सहायक के कार्य भी रोजगार सहायक अपने घर से ही कर देते हैं। प्रमाण पत्र की आवश्यकता लोगों को है इसलिए स्कूली छात्र-छात्राओं के फोन आए थे इसलिए उन्हें यहां पर आमंत्रित किया गया है यहां से उनके सभी के कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा हैपूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

बेटी ने बताया कि वह पिताजी के साथ यहां पर आई है। लोग भी इसलिए घूम रहे हैं रोजगार सहायक ने कहीं दस्तावेजों में भी उलट फिर कर दिया है इसलिए उसमें भी सुधार कार्य सचिन से कराया जा रहा है। इस तरह ऐसी है समस्या अनेकों ग्राम पंचायत में लगातार बनी हुई है तो कहीं पर ग्राम पंचायत सचिव पंचायत के पास की पंचायत में तबादला कराकर निवास कर काम कर रहे हैं यह भी नियम के विरुद्ध है लेकिन फिर भी पिपरिया विकासखंड में सब संचालित हो रहा है। जालौन ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक शे चर्चा करनी चाहिए तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।



# लोकसभा चुनाव के चलते तय रूट पर चलने वाली बसें नहीं पहुंचीं स्टैंड, यात्री देर तक होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा बस स्टैंड से अपने रूट पर चलने वाली अधिकांश ग्रामीण बसें नदारद रहीं थीं। वहीं सोमवार को भी यही स्थिति बनी रही। इसके चलते बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहा। इस कारण से यात्रियों को घंटों भीषण गर्मी के बीच बसों का इंतजार करते हुए देखा गया। वहीं भोपाल से इंदौर चलने वाली बसों में भी कमी होने की वजह से जो बसें आ रही थीं उनमें लोगों को जगह नहीं मिल पा रही थी। चुनाव आयोग ने क्षेत्र की बसों का अधिग्रहण कर रखा है।

बस अधिग्रहण होने से यात्रियों को परेशानी उठाना पड़ी। दिन में कुछ बसें ही आ सकीं। इस दौरान यात्री दिन भर परेशान होते रहे। यह स्थिति चुनाव के बाद तक बनी रहेगी। इस कारण से लोगों को अपने स्तर से निजी वाहनों से ही यात्रा करना पड़ेगी। मंगलवार को सुबह से ही बसें अपने निर्धारित रूप पर नहीं आ सकीं। इस वजह से पूरा यात्री परिसर खाली रहा, लेकिन यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। जो अपने रूट पर जाने वाली बसों का सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक इंतजार में बैठे रहे। हालांकि शुजालपुर, शाजापुर, कन्नौद, हरदा, खातेगांव, सिद्दीकगंज क्षेत्र में दिक्कत हुई। इन रूटों की इक्का-दुक्का बसें ही आईं। जिसमें यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिल रही थी। दोपहर के बाद यह बसें भी नहीं चलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में यात्री बसों के अधिग्रहण होने से सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर चलने वाली यात्री बसें नहीं होने कारण यात्रियों को उठाना पड़ रही है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो तीन-तीन घंटा में तो बसें चलती हैं और वहां भी अधिग्रहण होने से यात्रियों को परेशानी उठाना पड़ रही।

चुनाव आयोग के निर्देश पर आरटीओ द्वारा चुनाव के 2 दिन पहले से बसों को खड़ा कर लिया गया है। अब बसों को चुनाव बाद ही छोड़ा जा सकता है। बस कंडक्टर बबलू भाई, सोबाल सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने बस अधिग्रहण करने कारण कुछ बसें ही आ रही है। यह जरूर है कि बस नहीं आने कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

# तेज गर्मी का असर: दिन का पारा पहुंचा 39 डिग्री, सड़कें हुईं सूनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में पारा का उतार चढ़ाव जारी है। यही वजह है कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। हीट वेव के चलते दोपहर में सड़कों पर सूनापन देखने को मिल रहा है। मंगलवार को सुबह से ही मौसम बदलने के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक धूप छांव की स्थिति बनी रही। रविवार को 39 डिग्री तापमान रहा जो कि अभी तक का सबसे अधिकतम तापमान है। तेज गर्मी और उमस के कारण भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर दोपहर में वाहनों की संख्या कम रही तो वहीं बाजारों में भी सन्नाटा रहा। मई माह शुरू होते ही भीषण गर्मी का दौर भी शुरू हो गया है। लगातार चार-पांच दिनों से गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं। सोमवार को अभी तक की सबसे ज्यादा गर्मी रही व अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा। यह जरूर है कि आसमान में बादल छाए हुए हैं कभी धूप तो कभी छांव हो रही है। दोपहर में तेज गर्मी और उमस का एहसास लोगों को हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में और भी वृद्धि होने की संभावना है। यहीं वजह है कि इस समय तेज गर्मी के कारण लोग बीमार भी हो रहे हैं तो वहीं लू का शिकार हो रहे हैं। अस्पताल में भी मरीज बढ़ रहे है।

### आज आधा दर्जन से अधिक क्षेत्रों को तीन घंटे नहीं मिलेगी बिजली



**इटारसी।** शहर के आधा दर्जन क्षेत्रों में बुधवार को बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचालित 11 केवी गांधी नगर फीडर, 11 केवी टेलीफोन एक्सचेंज की विद्युत सप्लाई सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत पोल बदली कार्य हेतु एवं ट्रैक्टर स्कीम उपकेंद्र से संचालित 11 केवी कोर्ट फीडर की विद्युत सप्लाई दोपहर 3 से 6 बजे तक प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी। बिजली कंपनी की ओर से बताया गया है कि इस दौरान गांधी नगर, भाट मोहल्ला, विनायक नगर, पंजाबी मोहल्ला, नेहरूगंज, टेली फोन एक्सचेंज आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। कार्य के दौरान समय को घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### पक्षियों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में पेड़ों पर बांधे सकोरे

# अपील: गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भीषण गर्मी को देखते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पक्षियों को पानी पीने के लिए अनेक पेड़ो पर सकोरे बांधे गए,और प्रतिदिन पानी भरने का भी संकल्प लिया,पर्यावरण संरक्षण के लिए पक्षियों का होना नितांत आवश्यक है राजपूत ने बताया की पक्षियों को पानी पिलाने से जब पक्षी घर के आंगन और बालकनी में आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा भी आती है।

पक्षियों को भोजन और पानी देने से कुंडली में यदि राहु-केतु वक्री हैं, तो उनकी स्थिति में सुधार होता है। पक्षियों को पानी देने से आप पुण्य अर्जित करते हैं और अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं समस्त ग्रामीण जन और शहरी वासियों से अपील करता हु की अपने अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी जरूर रखे। इस मौके पर राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार चित्तौड़ा, गायत्री शर्मा, सीमा बैरागी, लेखापाल मानसिंह वर्मा, जितेंद्र धाकड़, रितिक परमार, सुनील चौहान, संतोष राया, सुजान सिंह मेवाड़ा, हीरा लाल आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल में समर कैंप का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में समर कैंप में आनंदित छात्र छात्राएं हो रहे है। जिला स्तरीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में एक मई से लगातार दूसरे वर्ष 13 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीएम राइज विधालय के अतिरिक्त अन्य शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के लगभग 150 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं। संस्था प्राचार्य दीपसिंह राठौर ने बताया कि इस केंप हेतु मात्र 10 रुपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। तथा तीन विधाएं -आर्ट और क्राफ्ट, डांस और इनडोर गेम्स रखे गए है। प्रारम्भ में सभी को वार्म अप एवं योग संबंधित क्रियाओं का अभ्यास कराया जाता है। तत्पश्चात विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों द्वारा गतिविधियों को संचालित कराया जाता है।

## सुबह से ही लोग पहुंचे केद्रों पर, लंबी-लंबी कतार में लगकर मतदाताओं ने किया मतदान

# जिले में उत्साह के साथ हुआ मतदान, शाम 5 बजे तक 65.39 प्रतिशत हुआ मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए मंगलवार को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ। शाम 5 बजे तक हरदा जिले में 65.39 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 68.24 प्रतिशत तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र में 63.10 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 70.23 प्रतिशत पुरूष तथा 66.12 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 66.45 प्रतिशत पुरूष तथा 59.54 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

शाम 5 बजे तक कुल 281460 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें 151319 पुरूष, 130135 महिला व 6 अन्य शामिल है। इनमें से टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 130578 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 69373 पुरूष तथा 61205 महिला शामिल है जबकि हरदा विधानसभा क्षेत्र में 150882 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 81946 पुरूष, 68930 महिला व 6 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल है।

पहले दो घंटे में अर्थात प्रातः 9 बजे तक हरदा जिले में 15.60 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 17.18 प्रतिशत तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र में 14.33 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 18.05 प्रतिशत पुरूष तथा 16.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 15.54 प्रतिशत पुरूष तथा 13.04 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### 11 बजे तक 31.34 प्रतिशत मतदान

जिले में प्रातः 11 बजे तक 31.34 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 31.65 प्रतिशत तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र में 31.09 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 33.50 प्रतिशत पुरूष तथा 29.68 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 33.99 प्रतिशत पुरूष तथा 28 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### 1 बजे तक 48.26 प्रतिशत

दोपहर 1 बजे तक जिले में जिले में 48.26 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 52.07 प्रतिशत तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र में 45.22 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में में 54.27 प्रतिशत पुरूष तथा 49.72 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 48.37 प्रतिशत पुरूष तथा 41.87 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद दोपहर 3 बजे तक जिले में जिले में 56.84 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 59.70 प्रतिशत तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र में 54.55 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में में 61.57 प्रतिशत पुरूष तथा 57.70 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार हरदा विधानसभा क्षेत्र में 57.86 प्रतिशत पुरूष तथा 51.03 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





**सुबह से लगी कतार**

रहटगांव। क्षेत्र में मतदान करने के लिए लोग सुबह से ही निकले। मतदान केन्द्रों पर सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचे। इस बार मतदान केन्द्रों को आकर्षक रूप से सजाया गया।



### कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान

*लोकसभा निर्वाचन के लिए मंगलवार सुबह 7 बजे से जिले के सभी 517 मतदान केंद्रों पर मतदान शुरू हो गया। कलेक्टर आदित्य सिंह सुबह लगभग 7 बजे जिला पंचायत कार्यालय में स्थित मतदान केन्द्र पर पहुंचे। उन्होने पूर्व से वहां मौजूद अन्य मतदाताओं के पीछे लाइन में लगकर सपत्निक मतदान किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में मतदाताओं के साथ लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया और अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोडा ने महिला सशक्तिकरण कार्यालय स्थित मतदान केंद्र में मतदाताओं के साथ लाइन में लगकर मतदान किया।*

### पूर्व मंत्री और विधायक ने किया मतदान





*हरदा के पोलीटेक्निक कालेज में स्थित मतदान केंद्र पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने सपरिवार और मानपुरा स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर विधायक आरके दोगने ने सपरिवार मतदान किया। ग्राम मगरदा में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 175 में मतदाता शहादत खान ने अपनी शादी से ठीक पहले मतदान किया। मतदान केंद्रों पर वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मतदान के दौरान 90 वर्षीय भागवती बाई ने ग्राम धनवाड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 210 पर पैदल पहुँच कर मतदान किया। इसके अलावा ग्राम पडवा निवासी 23 वर्षीय दुर्गाबाई पिता जयसिंह जिनका कद लगभग ढाई फीट था, उन्होने भी आज मतदान किया।*

### समझाइश के बाद मसनगांव में मतदान शुरू



*जिले के ग्राम मसनगांव के ग्रामीणों द्वारा समस्याओं को लेकर मतदान के बहिष्कार की बात की जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापति और तहसीलदार लवीना घाघरे ने मसनगांव पहुंचकर ग्रामीणों को समझाईश दी और गांव की समस्याओं के निराकरण के प्रति ग्रामीणों को आश्वस्त किया, जिस पर ग्रामीणजन खुशी खुशी मतदान के लिए तैयार हो गए। इस दौरान आईटीआई में निवासरत बैरागढ़ विस्फोट दुर्घटना के पीड़ित परिवारों ने भी अपने निकटतम मतदान केन्द्र जाकर मतदान किया। इसी प्रकार नंदवा के किसानों ने हाइवे से जुडी मांगों को लेकर मतदान नहीं किया था, उन्होंने बाद में मतदान किया। इसी प्रकार मन्नासा, डोमरी में भी मतदान प्रतिशत कम हुआ।*

## डाक मतपत्र से मतदान कराया

### 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने-अपने घर से ही मतदान किया



**बुरहानपुर।** जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, दिव्यांग श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या 571 हैं। जिसमें 85 प्लस के मतदाता 333 एवं पीडब्ल्यूडी मतदाता 238 है। इस श्रेणी के मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान कराने की सुविधा दी गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को मतदान दलों द्वारा मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर डाक मतपत्र से मतदान कराया गया। विधानसभा नेपानगर और विधानसभा बुरहानपुर के तहत 29-29 रूट व 29-29 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं।

नेपानगर विधानसभा में 85 प्लस के 181 मतदाता, पीडब्ल्यूडी मतदाता 106 व बुरहानपुर विधानसभा में 85 प्लस के 152 मतदाता, पीडब्ल्यूडी 132 मतदाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार की उपस्थिति में मतदान दलों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय बुरहानपुर से सुबह 6 बजे मतदान सामग्री वितरित कर गोपनीयता के साथ मतदान कराने के निर्देश दिये गये थे। जानकारी अनुसार आज डाक मतपत्र के माध्यम से बुरहानपुर विधानसभा के 283 मतदाताओं ने मतदान किया हैं। एवीईएस श्रेणी के मतदातागण 7 मई 2024 को सुबह 9 बजे से शासकीय सुभाष हाई स्कूल बुरहानपुर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। जिसमें बुरहानपुर विधानसभा के 13 व नेपानगर विधानसभा के 5 मतदातागण सम्मिलित है।

## मतदान के लिए कलेक्टर की अपील

### कहा हर मतदान केंद्र में टेंट लाइन, पंखे की व्यवस्था की

**बुरहानपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा सारी व्यवस्थाएं जुटा ली गई है। आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने स्वीप गतिविधियां कराई गई थी तो वहीं बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल ने एक वीडियो अपील भी जारी की है। कलेक्टर ने जारी वीडियो अपील में कहा-जिले में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। आमजन से अपील है कि इसे केवल एक अवकाश का दिवस न मानते हुए लोकतंत्र के इस त्योहार में अपनी भगीदारी दें। हमने हर मतदान केंद्र में टेंट लाइट, फेन सहित सभी तरह की व्यवस्थाएं की हैं। इस बार मतदान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए तरह तरह की गतिविधियां कराई गई। बीएलओ द्वारा इस बार नेपानगर में मतदाताओं को पीले चावल और एक वोटर गाइड भी दी जा रही है जबकि जिले में जिला प्रशासन ने पहल कर करीब एक लाख आमंत्रण पत्र छपवाए। एक परिवार में एक आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## आबकारी विभाग के दल ने ड्राई डे पर की कार्रवाई

**हरदा।** जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल की टीम द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम के लिए कार्यवाही की गई। आबकारी अधिकारी लाल ने बताया कि दल ने वृत हरदा के टंकी मोहल्ला, बैरागढ़, वार्ड नं 34, स्वाद री ढाणी ढाबा, राजपूत ढाबा एवं वृत टिमरनी के ग्राम हंडिया, भमोरी, जुगरिया तथा वृत खिरकिया के पटेल ढाबा भिरंगी, अपना ढाबा छीपावड, प्रिंस ढाबा मांदला, ग्राम लोलांगरा, रोलगाँव, चारूवा में दबिश देकर कुल 51 पाव देशी शराब, 26 पाव अंग्रेजी शराब, 11 बीयर कैन, 14 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त किया। उक्त मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) एवं 36 (I) के अन्तर्गत कुल 08 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 14550 रूपये है। इस कार्यवाही के दौरान वृत हरदा एवं वृत टिमरनी प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक संग्रामसिंह गोरे, वृत खिरकिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक दीपिका वाईकर, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक पूनम मानकर सहित समस्त आबकारी आरक्षको एवं नगर सेनिको का योगदान रहा।

## सुबह से शाम तक बढ़ता रहा मतदान प्रतिशत

### शाम 5 बजे तक 66.02 प्रतिशत मतदाता कर चुके थे अपने मताधिकार का प्रयोग



**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए हरसूद विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। गर्मी के इस मौसम में मतदाताओं में सुबह के समय उत्साह देखा गया और सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रों पर कतारे लगना प्रारंभ हो गई। शाम 5 बजे तक 66.02 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। पहले दो घण्टे में हरसूद विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 17.19 हो चुका था। इसके बाद प्रातः 11 बजे तक 35.10 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 50.25 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे तक 58.95 प्रतिशत तथा सायं 5 बजे तक 66.02 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

## महिला कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏩ बुरहानपुर

मंगलवार दोपहर महिला कांग्रेस द्वारा कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एसडीएम पल्लवी पुराणिक को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरिता राजेश भगत ने ज्ञापन सौंपकर लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई की मांग की गई। सांसद प्रज्वल रेवन्न पर 400 से ज्यादा महिलाओं ने यौन शोषण और दुर्व्यवहार के आरोप लगाए हैं, इसलिए उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। इस दौरान महिला कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, ब्लाक अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर और एसपी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर ली मतदान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ खंडवा



लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान से पूर्व मॉकपोल की प्रक्रिया अभ्यार्थियों के प्रतिनिधियों के समक्ष सम्पन्न की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया और वहां के मतदान अधिकारियों से मतदान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आयोग के निर्देश अनुसार सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं शीतल पेयजल, रेम्प, प्रतीक्षा कक्ष जैसी व्यवस्थाएं भी देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन आज

**झिरन्या।** बुधवार को सुबह 10 बजे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सरकारी संस्थाओं और निमाड़ मालवा ग्रामीण बैंक के कर्मचारी, अधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक देवराम राठौर ने दी है। उन्होंने बताया कि उक्त रैली, जनपद पंचायत परिषद से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों पर निकलेगी।

## मतदान के पूर्व आएंगे अपने गांव, परिजनों को है उनके लौटने का इंतज़ार

# पड़ताल: मांडवी पंचायत के श्रमिकों की घर वापसी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ झिरन्या

लोकसभा निर्वाचन के लिए जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। वैसे ही श्रमिकों की घर वापसी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। हालांकि सरकारी आंकड़ों के विपरीत जनप्रतिनिधियों ने यह संख्या चार पांच गुना अधिक बताई है। लेकिन अंचलों में जमीनी हकीकत क्या है। हरिभूमि प्रतिनिधि ने ग्राम पंचायत मांडवी और उसके 5 फालियों की पड़ताल की तो उनमें लौटने वाले श्रमिकों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है। जबकि पलायन कर अन्यत्र गए श्रमिकों की संख्या अधिक है और परिजन, उनके लौटने का इन्तजार कर रहे हैं।

इस ग्राम पंचायत में मुख्यालय सहित 6 फालिये हैं। इनमें छोटी एवं बड़ी नीलीखाली (दो), छोटी एवं बड़ी बामनपुरी(दो) और बोंदरान्या है। जिसमें करीब 500 से अधिक श्रमिकों के रोजी-रोटी के लिए पलायन करने की जानकारी मिली है, जबकि जनपद पंचायत ने यह संख्या केवल 103 श्रमिक बताई है। सीमावर्ती वनक्षेत्रों के कई किसान श्रमिक खरीफ फसल के बाद पशुधन को अपने साथ ले जाते हैं। अथवा परिजनों के हवाले कर



देते हैं। ग्राम पटेल अनारसिंह मोरे ने बताया कि वृद्ध और महिलाएं अपने बच्चों एवं पशुओं की देखभाल करते हैं और लगभग हर घर से बड़े सदस्य रोजगार के लिए चले जाते हैं। वनग्राम छोटी नीलीखाली के अनारसिंह पटेल फालिया में एक कच्चा मकान चारों ओर लोहे के तारों और बागुड से घिरा था, जिसमें 5 पशु बंधे हुए थे। इसे लेकर महिला चम्पाबाई जगन भिलाला 45 वर्ष ने बताया कि उसका पुत्र सुनील 26 वर्ष और बहु झुनाबाई 24 वर्ष अपने 4 बच्चों सहित मजदूरी के लिए खिराला (रावेर) गए हैं। मैं पशुओं को चारा और सिर बोझ से कुएं से 24 घंटे में एक बार ही पानी पिला रही हूँ।

### बैलजोड़ी भी साथ में

पटेल फाल्या का पप्पू पिता विश्राम अपनी पत्नी जानुबाई और 3 बच्चों और बैलजोड़ी सहित एक डेढ़ वर्ष से नांदोरा (महाराष्ट्र) में है। उसके पिता विश्राम हमरिया 55 वर्ष ने बताया कि उसके दो लड़के भी बहूओं और बच्चों सहित बंगलौर में काम करते हैं। सभी दीपावली पर घर आये थे। जबकि बड़ फाल्या के महेंद्र पिता इट्ठल भिलाला 35 वर्ष की दो साल पहले पत्नी की मृत्यु हो गई थी। जबसे वह अपने 4 बच्चों और बैल जोड़ी लेकर गया है और उसका मकान टूट फूट रहा है।

**पत्नी बच्चे घर, पति काम पर:** महिला सुरमाबाई पति राजू का छोटा शिशु धनराज झूले में सोता रहता है और उसके तीन बच्चे आसपास खेलते रहते हैं। उसने कहा पति बडवानी में काम करता है और दो तीन महीने में आकर किराना एवं खर्च के रुपये दे जाता है। ससुर मघिया पिता सेकड़िया 65 वर्ष पशुओं और बहु बच्चों की देखभाल करता है। जबकि सोमारिया और उसकी पत्नी झीना भी अपने 4 बच्चों के साथ काम करने गए हैं। बड़ फाल्या में शारदा पति विट्ठल अपनी बालिका गंगा एवं बालक के साथ गाँव में ही है और वे पशु और बकरे बकरी संभालते हैं। महादेव फालिया के सुबान पिता रुमसिंह ने बताया कि मेरा और धरमसिंह पिता ज्ञानसिंह बडोले के परिजन औरंगाबाद से तीन चार दिन पहले ही आये हैं। हमारे फाल्या और मसान्या फाल्या के 40 से अधिक मजदूर वापस नहीं आए हैं। जबकि पटेल फालिया के भी करीब आठ दस मजदूर आ गए हैं। कमोबेश अन्य फालियों में भी ऐसे हालात हैं।

**इनका कहना है...**

जनपद द्वारा मांडवी पंचायत सहित अन्य पंचायतों के पलायन संबंधी जानकारी निर्वाचन अधिकारी को भेजी गई है और श्रमिकों के वापस आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। श्रमिकों की वापसी के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

**महेंद्र कुनार श्रीवास्तव,**
सीईओ, जनपद पंचायत झिरन्या

## दादाजी मंदिर में झाड़ू लगाई

### खंडवा आए मुख्यमंत्री डॉ यादव, लोगों से संवाद किया



**खंडवा।** बुरहानपुर में रोड शो के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार देर रात खंडवा पहुंचे थे। खंडवा आनंद नगर स्थित निजी होटल में रात गुजारी। मंगलवार सुबह उन्होंने होटल में ही हर वर्ग के लोगों से बात चीत की। बाद में वे दादा धूनीवाले के मंदिर पहुंचे। यहां सेवा कार्य के चलते दर्शन नहीं हो पाए तो सीएम ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दादाजी मंदिर परिसर के अतिथि कक्ष में पदाधिकारियों से मुलाकात की। कुछ लोगों ने उन्हें दादाजी मंदिर को अयोध्या की तर्ज पर विकसित करने सुझाव दिया। इधर, सेवा कार्य के चलते मुख्यमंत्री दर्शन नहीं कर पाए तो भाजपा पदाधिकारियों ने सेवादार और ट्रस्टियों से कहा कि कुछ देर के लिए सेवा रोक दीजिए। लेकिन आश्रम के संविधान के मुताबिक यहां वीवीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होता है। इसके बाद मोहन यादव ने मंदिर परिसर में सेवा देते हुए झाड़ू लगाई।हालांकि उन्होंने नर्मदा मंदिर में आरती कर धूनीमाई में हवन किया। आमजन से मीटिंग में सीएम ने बीजेपी उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में चर्चा की। कहा कि दुनिया में भारत के लोकतंत्र की तारीफ हो रही है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। सरकार के कामों को लेकर लोगों से बात की। उन्होंने पीएम मोदी के किए काम भी बताए। कार्यक्रम में व्यापारियों सहित बीजेपी के आला नेता मौजूद थे।